समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 26 September 2026

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर आसमानी बिजली का तांडव! वायरल फोटो मे दिखा पद्मा नदी का रहस्यमय रूप।

Publisher

Published on 21 May 2025



## पद्मा नदी पर बिजली का तांडव : भारत-बांग्लादेश सीमा का वायरल फोटो।

**भारत-बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा** पर लिया गया एक फोटो इन दिनों **सोशल मीडिया पर जबरदस्त वायरल** हो रहा है। इस फोटो में आसमान से गिरती बिजली और उसके पीछे फैली रहस्यमय **पद्मा नदी** को देखा जा सकता है। इस फोटो को **कंटेटं क्रिएटर समीर गायकवाड़** ने अपने फेसबुक पेज पर साझा किया है, जिसके बाद यह तेजी से चर्चा में आ गया है।

### कहाँ का है यह वायरल फोटो ?

इस तस्वीर को बांग्लादेश के '**राजशाही**' शहर के पास से क्लिक किया गया है। समीर गायकवाड़ के मुताबिक, "फोटो में जो इलाका हरे रंग में दिख रहा है वह राजशाही शहर है। उसके आगे जो गहरे रंग की पट्टी दिख रही है, वह पद्मा नदी का विस्तृत क्षेत्र है। और नदी के पार फ्लडलाइट्स से चमकता क्षेत्र भारत की सीमा का भाग है।"

### पद्मा नदी और गंगा का संबंध

आपको बता दें कि बांग्लादेश में जिस नदी को 'पद्मा' कहा जाता है, वह भारत की गंगा नदी ही है। पश्चिम बंगाल में गंगा का बहाव दो हिस्सों में बंट जाता है—एक है **भागीरथी-हुगली** जो भारत में रहती है, और दूसरी है पद्मा, जो बांग्लादेश में प्रवेश करती है। आगे जाकर पद्मा नदी ब्रह्मपुत्र से मिलती है और फिर मेघना नदी बनकर बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में बहती है।

### पद्मा के किनारे दुनिया का सबसे बड़ा रेड लाइट एरिया

इस फेसबुक पोस्ट में यह चौंकाने वाली जानकारी भी दी गई है कि बांग्लादेश में '**दौलतदिया**' नामक जगह, जो पद्मा नदी की एक उपनदी '**माथवंगा**' के किनारे है, दुनिया का सबसे बड़ा रेड लाइट एरिया माना जाता है। भारत में सबसे बड़ा रेड लाइट एरिया

कोलकाता के '**सोनागाछी**' में है, जो हुगली नदी के तट पर स्थित है।

### नदी और नारी का गहरा रिश्ता

**समीर गायकवाड़** ने अपनी पोस्ट में भावनात्मक रूप से लिखा, "प्रत्येक स्त्री में एक नदी बहती है और प्रत्येक नदी एक स्त्रीरूप है।" उन्होंने यह भी कहा कि जैसे नदी के गहरे पानी में क्या चल रहा है यह समझना मुश्किल होता है, ठीक वैसे ही किसी स्त्री के मन को समझना भी आसान नहीं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.